श्री शम्भूनाथ चतुर्वेदी (आगरा) : अध्यक्ष महोदय, जो ला ऐंड आर्डर की स्थिति है उसके लिए कारण तो बहुत से हो सकते हैं, और वह आज पैदा नहीं हुए, बल्कि काफी समय से हैं। हमारी आबादी बढ़ गई है, बेकारी भी बढ़ रही है जिसकी वजह से लोगों में बेचैनी है। यह तो मूल कारण है, लेकिन इमरजेंसी में जिस तरह की बातें हुई हैं उससे हमारा एडमिनिस्ट्रेशन डीमोरेलाइज हो गया और लोगों में जो आतंक छाया हुआ था वह जब हटा तो बहुत से लोगों के दिमाग से भय निकला, तो असामाजिक तत्वों के दिमाग से सब से पहले निकल गया। और सर्विसेज इसलिये डीमोरेलाइज हो गई कि चारों तरफ से हर चीज को पोलिटिसाइज किया जा रहा है। चाहे विद्यार्थियों के ग्रीवांसेज हों, चाहे इन्डस्ट्रियल अनरेस्ट हो, या मामला अदालत में जाने का हो और श्रीमती इन्दिरा गांधी अभी तशरीफ ले गई थीं हर बात में प्रदर्शन होता है। शांतिपूर्ण तरीके से कोई चीज नहीं हो पाती है, हर बात को तूल दिया जाता है। आज कोई भी अनसोशल एलीमेंट किसी भी पोलिटिकल पार्टी के साथ सम्बन्ध जोड़ कर उसका आश्रय लेता है, जिस से कार्य में बाधा पड़ती है। तो मेरा कहना है कि यह जो हिंसा अक्सर होती है वह क्यों होती है ? बहुत कुछ हिंसा तो इसलिये होती है निर्णय विलम्ब से होते हैं, कहा जाता है कि पुलिस को यह करना चाहिये, वह करना चाहिये। लेकिन अगर वाइस चांसलर और स्टूडेंट्स के डिफरेन्सेज हैं, या इन्डस्ट्रिल मैगनेट्स और मजदूरों के डिफरेन्सेज हैं तो पुलिस वहां केवल रक्षा के लिए पहुंचती है। उसके जो मतभेद हैं उससे कोई मतलब नहीं अगर वह कुछ करती है तो यह कहा जाता है कि उसने ज्यादती की। और अगर कुछ नहीं करती है तो कानपुर की स्वदेशी मिल में जो कुछ हुआ उसमें यही रिपोर्ट दी गई कि पुलिस ने पहले से अगर यही ऐक्शन लिया होता तो तीन आदमियों की जान नहीं गई होती। तो पुलिस की बड़ी अजीब स्थिति है, कोई भी काम करे उसको किसी न किसी तरह से लांछन का भागी होना पड़ता है। और यही बात यहां भी पार्लियामेंट में या असेम्बली में है जब कभी कोई डिस्कशन होता है उसमें सिवाय पुलिस पर लांछन लगाने के और कोई बात नहीं होती। जितने भी प्रदर्शन होते हैं शक्ति प्रदर्शन द्वारा लोगों को डराने के लिए होते हैं, वहां कोई शांतिपूर्ण वातावरण नहीं रहता है। और जब शान्ति व्यवस्था के लिए अगर पुलिस को ऐक्शन लेना पड़ता है तो कहा जाता है कि पुलिस ने ज्यादती की। मैं पुलिस का डिफेंस नहीं कर रहा हूं। मैं बता रहा हूं कि पुलिस अपने आपको एक अजीब स्थिति में पाती है। कभी उस पर यह आरोप लगाया जाता है कि गड़बड़ होने पर भी वह तटस्थ रही और कभी कहा जाता

है कि उसने ज्यादती की। इस्यूज से पुलिस को कोई मतलब नहीं होता पर आज कौन सा इस्यू ऐसा है, जो ला ऐंड आर्डर का इस्यू नहीं बन जाता है ?

20 hrs.

अगर वास्तव में देश में ला ऐंड आर्डर को रखना है, तो कम से कम सरकार इन डिमांस्ट्रेशन्ज को जरूर बैन कर दे। ऐसा करने से किसी पोलीटिकल राइट का हनन नहीं होता है। लोग शान्तिपूर्ण मीटिंग करें, अपने प्रपोजल रखें और बातचीत करें। लेकिन डिमांस्ट्रेशन्ज करने से हिंसा जरूर होगी, क्योंकि हिंसा डिमांस्ट्रेशन्ज के साथ जुड़ी हुई रहती है।

ला ऐंड आर्डर कैसे कायम रह सकता है, जब हर एक बात को लेकर, चाहे वह न्याय संगत हो या न हो, पार्लियामेंट में रोज एक पक्षीय क्रिटिसिज्म होता है और हर बात को पोलिटिसाइज किया जाता है ? इस बारे में सब से ज्यादा दोषी पालिटीशन्ज हैं। इस वक्त देश में एक ऐसा वातावरण बना हुआ है, जिसकी वजह से लालैसनेस फैली हुई है। अगर हम न्याय और नीति का अनुसरण करें, तो देश में कहीं ज्यादा शान्ति और व्यवस्था रह सकती है।

MR. SPEAKER: Shri Govindan Nair. Five minutes.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR (Trivandrum): Only five minutes.

MR. SPEAKER: That is all. What can be done? There is no time.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: I believe there are no two opinions in this House that the law and order situation in the whole country has deteriorated. In the normal course I would not like to have a discussion on a matter which is a state subject but the situation that has developed is forcing us to discuss this question. I want to point out what is happening in U.P. During the last 9 months, 35 times they had to fire against the people. I remember an occasion some twenty years ago, when there was one firing in Kerala and Dr. Ram Manohar Lohia asked immediately Patton Thanu Pillai to step down. I find Members of his party sitting there. Killings are taking place in various parts of the country. In one state alone 35 killings within 9 months. In that state all the universities are closed down. This is a matter of serious concern for us. Not only that. Here I heard that Indira Gandhi was behind so many things. I warn you; do not give publicity to her.

I had been to Sambhal. The Janata Party should be proud of that constituency because the maximum number of votes the Janata secured were in that constituency. Shanti Devi is the Member elected-Even as early as 1937 the Muslim League contested that seat; it was the Congress that won that seat. In that area what has happened? For the simple reason that a Muslim represented to the police that some action should be taken against some students, a number of Muslim shops were looted and burnt just in front of the police station. I asked the police officers: why did you not act? They said that they had no resources. Just in front of the police station this happened.

SHRI OM PRAKASH TYAGI (Bahraich): You are totally wrong.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: I am not wrong; I know what has happened. I had gone there, talked to the people and understood the situation. Today both the Muslim and the Hindus say: "This place can never become what it was before." Is it not a matter of concern? I had been to Pantnagar. On a silent procession, people were shot....

SHRI CHARAN SINGH: Silent procession?

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: Mr. Charan Singh, you may have a different picture. But go there. Why did you not go there. You said that you would go there. But later on

[Shri M. N. Govindan Nair]

you changed your mind because if you had gone there, there would have been further firing. You knew that. your wisdom dawned on you and you came back. We had been there; we had talked to the people. After the discussions with the professors, students and the ladies in the houses, I am hundred per cent convinced that it was a silent procession; they were not only shot, even when they tried to escape, they were chased up, killed and put in the sugarcane field and burnt there.

SHRI PURNANARAYAN SINHA (Tezpur): There is a judicial enquiry on the matter and you cannot refer to it.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: This is what happened there. Shri Jagjivan Ram is not here. What is happening there to the Harijans? The attrocities on Harijans have reached a new stage. The Constitution is challenged and the code of Manu is being introduced there. Now, somebody was saying that the *Manusmriti* has been burnt there. What is happening in Varanasi? What happened when Shri Jagjivan Ram went and unveiled the statue?

MR. SPEAKER: We have already discussed this matter at length.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: I am not discussing it. Behind all these, there is one man. You go to any part of UP, you will hear the name of one man, i.e., Charan Singh, who is the villain of the piece. If he has any sense of honour, he should resign and get out of the Ministry. That alone will help the people.

SHRI RAGHAVALU MOHANARANGAM (Chengalpattu): Mr. Speaker, Sir, I am really glad for the opportunity you have given me to express some of my feelings on the law and order situation in the country today. In fact I wanted to speak something about the law and order situation prevailing in the country today; but unexpectedly, Mr. Kanwar Lal Gupta, while he was talking about the law and order situation, has referred to Tamil Nadu. Usually speaking the law and order situation is not to be controlled by the Central Government, but by the State Government. It is a State subject. There are only two occasions when the Centre can intervene in the State administration. They are, when the States is under the control of the President or when there is Emergency. Tamil Nadu is now neither under the control of the President nor there is Emergency. Since the topic has been taken and discussed on the floor of the House by Mr. Kanwar Lal Gupta, I want to stress certain points here.

In the name of agriculturists, some violent and anti-social elements indulged in unlawful activities just a month ago, just to create anarchy in the State. It is a well known fact that our Chief Minister MGR is rendering great service for the past forty years to the down-trodden and poor community. When that is the case, I do not understand why they are branding the Chief Minister and other Ministers stating that the Tamil Nadu Government is responsible for creating anarchy in the State. To be frank with you, Mr. Speaker, Sir, our State is ruled by All-India Anna DMK headed by its General Secretary and Chief Minister, Mr. M. G. Ramachandran, popularly known as MGR, who has been rendering great service to the people and who spends all his time and property only for the uplift of the downtrodden people. It was a political conspiracy. Our Government has sought the cooperation of the agriculturists, the general public and all the political parties which have faith in good Government.

Of course, police firing was there. But what was the reason? Fifteen small bridges and three long bringes have been damaged in the violence. We have taken Rs. 33 crores for the flood relief. Tamil Nadu has been completely damaged due to cyclone. We had constructed hundreds of bridges out of which nearly 30 small

bridges had been completely damaged by the anti-social elements and 5 buses had been completely burnt down and three police pickets damaged. 50 officers of the Revenue and Police Department had been seriously injured. Roads were damaged and walls were constructed across the roads, and the ornaments deposited in the banks were plundered. These are the main reasons why there was firing and nearly half a dozen persons were shot dead for the simple reason that our State Government wanted to protect public property. That was the main reason of firing. But there is a talk. Since the agriculturists were not given proper benefits in Madras, in Tamil Nadu State, there was an agitation by the agriculurists. To be frank with you, Mr. Speaker, a high level committee for agriculture has been set up in Madras. Electricity charges have been reduced from 16 paise to 14 paise per unit. Paddy procurement price was increased to Rs. 95 per quintal though the Centre did not want any increase. The State is also pressing the Centre to enhance the procurement price to Rs. 110 per quintal, the rate on par with that of wheat. The recovery of cooperative agricultural loans has been postponed for another two months. Such benefits have already been given to the agriculturists in Tamil Nadu. When such things are going on, I do not understand why some of our hon. Members have created some doubts in the minds of hon. Members of Parliament as well as the Ministers that the Tamil Nadu Government was responsible for creating all sorts of complications and anarchy in the State. The Tamil Nadu Government is not responsible. Just to protect the public property and just to protect the four-and-a-half crores of people of Tamil Nadu, there was firing. The Government had to take that much of responsibility and our Government had done it. If at all there is any doubt in the minds of people, please erase it. Our Government is a very responsible Government and it takes all the steps to give proper aid to the people and there is no doubt about their prosperity.

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह) : अध्यक्ष महोदय, यह देख कर मुझे बहुत खुशी हुई है कि आम तौर पर जो वाद विवाद हुआ है वह शांतिपूर्ण हुआ है और रचनात्मक हुआ है। लेकिन पेश्तर इसके कि मैं अपना जवाब दूं, एक बात मैं मि० भट्टाचार्य जी को बता देना चाहता हूं कि जब उनकी गवर्नमेंट बंगाल में बरसरे एक्तिदार थी उस समय सारे देश में 950 फायरिंग हुई थीं जिसमें 648 वेस्ट बंगाल में हुई थीं। (व्यवधान)

SHRI DINEN BHATTACHARYA: I want to challenge the statement....

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Bhattacharya, please sit down. Don't record.

(*Interruptions*)**

श्री चरण सिंह: अध्यक्ष जी, मैं समझता हूं भले आदमियों को इतना गुस्सा नहीं करना चाहिए जितना मेरे दोस्त कर रहे हैं ..... (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Don't record.

(*Interruptions*)**

श्री चरण सिंह: इसमें नाराज होने की क्या बात है ?..... (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: There is no question of interrupting, in between the speeches. When you spoke, he did not interfere.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Don't record.

(*Interruptions*)**

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, हो सकता है कि मुझसे कोई गलती हो गई हो, लेकिन इतना परेशान होने की क्या जरूरत

**Not recorded.

[श्री चरण सिंह]

है, इतना गुस्सा करने की क्या जरूरत है .....

श्री दिनेन भट्टाचार्य : आप सच बात बतलाइये । ..... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Everybody attacked him. Every criticism is bitter—whether made by you, or by him.

श्री चरण सिंह : मेरा ख्याल था कि 1970 में सीपी (एम) की गवर्नमेंट वहां पर थी । ..... (व्यवधान)

श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर (बम्बई उत्तर-मध्य) : नहीं थी ।

SHRI DINEN BHATTACHARYA: I want to know what the Minister wants to establish.

जब आप उत्तर प्रदेश में चीफ मिनिस्टर थे, तब क्या हुआ था ?

Did he mention anything about the period when he was the Chief Minister of Uttar Pradesh?

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरी समझ में नहीं आता कि इस तरह से वाद-विवाद कैसे चलेगा । मेरा ऐसा ख्याल था, जो मैंने कहा है। अगर वह गलत है तो मैं वापस लिये लेता हूं ।

एक माननीय सदस्य : जो सवाल आया है, उसका जवाब दीजिये ।

श्री चरण सिंह : आपने कहा था, इसलिए मैं जवाब दे रहा था । अगर वहां कांग्रेस की गवर्नमेंट थी तो वह दोष मेरे इन दोस्तों पर पड़ता है। .... (व्यवधान) ... 648 बार वहां गोली चली, अगर आपने नहीं चलायी, तो इन दोस्तों ने चलाई होगी ।

SHRI K. LAKKAPPA: Twisting is not allowed.

MR. SPEAKER: If your idea is not to have a debate.....

(*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : इस तरह से बहस नहीं हो सकती है—हर बात में गुस्सा । अध्यक्ष महोदय, हमने अब तक यह सुना था कि जब आदमी का केस कमजोर होता है तो बहुत गुस्सा आता है ।

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Cannanore): You have proved that.

श्री चरण सिंह : इस बात को छोड़िये । मैं आपके जरिये माननीय दोस्तों को बतलाना चाहता हूं—इतना गुस्सा करेंगे तो आप लोगों की तन्दुरुस्ती खराब हो जायगी । मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि इतना गुस्सा क्यों पैदा हो रहा है ।

श्री गोविन्दन नायर साहब नें एक बात कही कि चरणसिंह "डेविल आफ दि पीस" है । सब जगह इसका नाम है .....

SHRI BIJU PATNAIK: It was 'villain of the piece'.

श्री चरण सिंह: "विलेन आफ दि पीस' कहा होगा । पता नहीं विलेन बड़ा होता है या डेविल, लेकिन उन्होंने एक फिकरे में कहा था—यह उनका शिष्टाचार है—डेविल कहा हो या विलेन—मैं समझता हूं इससे ज्यादा बुरे मायनें नहीं होंगे, लेकिन अगर बुरें मायनें भी है ....

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: I never said that....(*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : अभी तो आप हंस रहे थे, अब क्या हो गया ।

SHRI SAUGATA ROY: There is the language difficulty. Mr. Charan Singh is misinterpreting it. Though some people may call him so, it does not mean that he is a villain.

श्री चरण सिंह : मेरे मित्र ने यह कहा कि जनता गवर्नमेंट से जब तक ये चरण सिंह निकल नहीं जायेंगे, तब तक हमारे देश में शांति नहीं होगी लेकिन हमारे उत्तर भारत में एक कहावत है "कौवे के कोसने से मवेशी मरता नही है" ।

SHRI K. LAKKAPPA: Sir, is the comparison with a crow parliamentary?

MR. SPEAKER: Let us not crow here. ....

SHRI K. LAKKAPPA: Sir, it is unparliamentary. He cannot accuse people.... (*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : विलेन कहना अनपार्लियामेंटरी नहीं है लेकिन कौवा कहना अनपार्लियाटेटरी है । खैर इसको छोड़िये ।

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: I did not say that.

श्री चरण सिंह : आज देश में शान्ति व्यवस्था अच्छी नहीं है, मैं इसको तसलीम करता हूं लेकिन इतनी चिन्ताजनक भी नहीं है जितनी कि चित्रित की गई है । इधर महीने भर से बेशक कई घटनाएं हो गई हैं जैसे कि पंजाब में, हैदराबाद में, तमिलनाडु में और कलकत्ता में रायटर्स बिलिडंग में आक्रमण हुआ है और पंत नगर की घटना हुई है और बिहार में भी घटनाएं हुई हैं ।

श्री सौगत राय : और बेलाडिला में भी ।

श्री चरण सिंह : मैं अपने दोस्तों से कहता हूं कि गलती करने का मुझे भी हक है, मेरी गलती को बर्दाश्त कीजिए । मैं थोड़े में जवाब देना चाहता हूं और आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा ।

मैं यह अर्ज कर रहा था कि बिहार में हुआ, गुजरात में हुआ होगा, मुझे मालूम नहीं लेकिन मैंने जो पांच, छः प्रदेश बतलाए हैं, उनमें महीने भर के अन्दर कुछ गम्भीर घटनाएं हो गई हैं, जिससे सारा देश यह नतीजा निकाल रहा है कि बहुत एलार्मिंग सिचुएशन हो गई है । नहीं, ऐसी बात नहीं है । यह हो सकता है कि जैसे व्यक्ति एक लिविंग आर्गेनिज्म है, यह देश, यह सोसाइटी है हमारी कौम की एक लिविंग आर्गेनिज्म है और यह जो मेन्टल एबेरेशन है, यह थोड़ी देर के लिए है कि इतने क्राइम बढ़ गये हैं और यह चीज बहुत दिनों तक एन्डयोर की जायेगी ऐसी बात नहीं है । मैं इस सिलसिले में निराशावादी नहीं हूं । अब इन्होंने जो बतलाया है, उसके लिए मैं कुछ आंकड़े दूंगा । देहली की बाबत मैंने पहले ही तसलीम कर लिया था कि देहली में कुछ ज्यादा ही क्राइम्स बढ़े हैं । मैंने देहली की बाबत आंकड़े दिये थे, 1977 में पहले सालों की अपेक्षा में । मैंने 1974 से कम्पेयर किया था उसके मुकाबले में जुर्म कम हुए हैं । ये आंकड़े पुराने आंकड़े हैं लेकिन इधर जनवरी से यहां पर कुछ जुर्म बढ़ने शुरू हुए हैं । मैं दिल्ली की बाबत यह बतला रहा हूं और इसका एक विशेष कारण है और विशेष कारण यह है कि देहली का पुलिस केडर बहुत छोटा है । हम इनका कहीं और ट्रान्सफर नहीं कर सकते हैं । पिछले कुछ दिनों में 59 इंस्पेक्टर्स और सब-इन्सपेक्टर्स का सस्पेंशन हो चुका है लेकिन करप्शन पर जो असर पड़ना चाहिए था, और एफीशियेन्सी पर जो असर पड़ना चाहिए था, वह नहीं पड़ा । जब एक आदमी को 300 मील दूर भेज दिया जाता है या 250 मील दूर भेज दिया जाता है और वह अपने आपको नये हालात में पाता है, तो वह कुछ चेसन हो जाता है । और कुछ उसकी कमियां और खराबियां दूर होने की उम्मीद होती । लेकिन पुलिस वालों की करप्शन का एक तो सब से बड़ा कारण यह होता है कि उनकी करप्शन का पता लगाना मुश्किल होता है । क्योंकि कोई डाकुमेंटरी चीज नहीं होती है । पोस्ट एण्ड टेलिग्राफ है, ट्रेड है, इंडस्ट्री है और जितने

[श्री चरण सिंह]

महकमे हैं उनके बारे में कागजात से डाकुमेंट्स चिट्ठी-पत्री से साबित हो जाता है कि उन्होंने करप्शन किया है लेकिन पुलिस वालों का करप्शन डाकुमेंटरी नहीं होता है जबानी होता है उसको साबित करना मुश्किल होता है। इसका सब से बड़ा इलाज यही है कि इंस्पेक्टर को सब इंस्पेक्टर को उसकी सराऊंडिंग से दूर कहीं भेज दिया जाए लेकिन दिल्ली में यह मुमकिन नहीं है। यहां पर अगर ट्रांसफर किया जाता है तो दिल्ली से दिल्ली में ही किया जा सकता है, अब हम चाहते हैं कि दिल्ली और हरयाणा का केडर एक हो जाए या दिल्ली और यू० पी० का एक हो जाए। लेकिन इस में कई कानूनी मुश्किलात हैं जिनको अभी तक हम हल नहीं कर पाये हैं। पहले तो केडर आफ अथारिटी एक होना चाहिए। हम ने अगर किसी इंस्पेक्टर या सब इंस्पेक्टर को हरयाणा में अम्बाला भेजना है तो पहले तो उस से पूछना होगा जिसको गवर्नमेंट अपोइंट करे। अगर हम किसी गलत आदमी को यहां से भेज रहे हैं तो बदले में भी व हम को गलत आदमी ही देंगे। फिर इसके आलावा पोलिटिकल अथारिटी भी एक होनी चाहिए। इस तरह से यह मसला हल नहीं हो पा रहा है। इसके बारे में मैं पहले भी कई दफा चर्चा कर चुका हूं। आज फिर मैंने कहा अब हमारे जो दिल्ली के लेफ्टीनेंट गवर्नर हैं उनका दो सफे का एक परसनल लेटर मेरे पास आया है। उस में उन्होंने फिर जोर दिया है कि इसका हमें कोई हल निकालना है। हम इस पर फिर विचार करेंगे। अगर हमारे माननीय मित्र भी इस बारे में कोई सुझाव दे सकें तो मुझे खुशी होगी।

दूसरी बात पुलिस कमिश्नर की है। इस के बारे में शायद मैंने पहले भी अर्ज किया था। हमारे देश में आठ बड़े-बड़े नगर हैं जिनको मेट्रोपोलिटन सिटीज कहते हैं और जिनकी एक-एक मीलियन से ज्यादा आबादी है। इन में से केवल दो शहर ऐसे रह गये हैं जहां पर कि पुलिस कमिश्नर नहीं है, बोम्बे, मद्रास, कलकत्ता, में बहुत दिनों से अंग्रेजों के जमाने से ही हैं। उस के बाद पूना, अहमदाबाद, नागपुर, बैंगलोर और हैदराबाद में पुलिस कमिश्नर हुए। हमारे यहां कानपुर में पुलिस कमिश्नर नहीं है। दूसरी बात यह है कि जहां पुलिस कमिश्नर अब हैं, वहां केडर का सवाल नहीं है। बोम्बे शहर का केडर महाराष्ट्र का केडर है, नागपुर का केडर भी महाराष्ट्र स्टेट का केडर है। दिल्ली में क्राइम्स को कंट्रोल करने में जो सब से बड़ी प्रोब्लम सामने आ रही है वही यही आ रही है कि दिल्ली का छोटा-सा केडर है। दिल्ली के लिए अभी तक हम पुलिस कमिश्नर तक का इंतजाम नहीं कर पाये हैं। मुझ को यह इम्प्रेशन दिया गया था कि रूल्स वगैरह बदलने के बाद दूसरे अक्टूबर से दिल्ली में पुलिस कमिश्नर का सिस्टम नाफ़िस किया जा सकता है, लिहाजा उस वक्त मैंने इस का एलान कर दिया। बाद में ला डिपार्टमेंट ने बताया कि आपको पूरा कानून बनाना पड़ेगा और एक लम्बा कानून बनाना पड़ेगा। अब रूल्स के मुताबिक इस बिल को राय के लिए दिल्ली मेट्रोपोलिटन काउंसिल के पास भी भेजना था। हालांकि हम उस की राय से बाउंड नहीं है, पाबन्द नहीं हैं लेकिन फिर भी उस के पास भेजना जरूरी है। पांच महीने हो चुके है, कई रिमाइण्डर्स के बाद भी उन्होंने अपनी राय हमारे पास नहीं भेजी हैं।

तीसरी बात इस सिलसिले में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि दिल्ली में जो क्राइम्स होते हैं उनकी मुझे भी उतनी ही चिंता है जितनी कि मेरे माननीय मित्रों को है। लेकिन अभी तक इसका कोई इलाज निकल नहीं पा रहा है। इस सिलसिले में मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि दुनिया में जितने बड़े-बड़े शहर हैं, उनमें जितने क्राइम्स होते हैं उनकी अपेक्षा दिल्ली में क्राइम कम हैं, अगरचे हिन्दुस्तान

के सब शहरों से दिल्ली में ज्यादा हैं अब अगर मैं कम और ज्यादा बतलाता हूं तो आप समझते हैं कि मुझे इस बात से तसल्ली है। (व्यवधान)

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN (Badagara): Our allegation is that crime has gone up since you became Home Minister. Reply to that charge. Now you are talking about New York and London.

श्री चरण सिंह : आपका चार्ज गलत है। मैं ईमानदारी से आपको बतला रहा हूं। यह बात सही है कि दिल्ली में क्राइम्स 1974 के मुकाबले में 1977 में कम हुए हैं। बावजूद इस बात के मैं यह महसूस करता हूं कि स्थिति अच्छी होनी चाहिए। मैंने जो लेटेस्ट फिगर्स आपको दी हैं उनसे मुझे लगता है कि क्राइम बढ़ा है। इसके कारण मैंने आपको बताये हैं। ये कारण आपकी गवर्नमेंट के पैदा किये हुए हैं। (व्यवधान)

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: Go and ask the people in the streets.

श्री चरण सिंह : देखिये, मैं चाहता हूं कि आप मेरी बात शांति से चुपचाप सुने। क्या मैं अपने दोस्तों से यह दरख्वास्त कर सकता हूं कि मुझे भी अपनी बात कहने का हक है और आप पर उसको सुनने की जिम्मेदारी है? गुस्सा न करें और बीच में दखल न दें। आप बोले तो मैंने बीच में दखल नहीं दिया। अगली दफा और मौका मिलेगा फिर और जनता पार्टी को गाली दे सकेंगे। जो आपने कहा है उसका मैं जवाब दे रहा हूं। बीज आपने बो दिए हैं, उसको काटने में देर लगेगी। आप जरा इन फिगर्ज को सुनें।

1970 में जितने वायोलेंस के केसिस हुए उनमें स्टुडेंट्स के 48 परसेंट थे। उसके बाद 32 परसेंट। उसके बाद फिर 40 परसेंट। उसके बाद 30 परसेंट। उसके बाद 20 परसेंट। उसके बाद 19 परसेंट और 1976 में 43.5 परसेंट और 1977 में 15 परसेंट। यह स्टुडेंट्स का हुआ। (व्यवधान) साठे साहब से मैं कहना चाहता हूं कि सच्ची बात कड़वी लगती है। लेकिन फिर भी शान्ति से सुनें।

श्री वसंत साठे : मैं खुश हो रहा हूं पंद्रह परसेंट की बात को सुन कर। (व्यवधान)

श्री चरण सिंह : इस तरह से बहस नहीं हो सकती है।

मैन डेज लास्टस ट्राइक्स के कारण किसी साल में कितने हुए अब आप ये आंकड़े लें। इससे मालूम हो जाएगा कि इंडस्ट्रियल स्ट्राइक्स सन् 1977 में ज्यादा हुई है या पहले साल में ज्यादा हुई हैं। ये उन्हीं ऐजेंसीज के भेजे हुए आंकड़े हैं जो आपके जमाने में कायम थी। 1970 में 20.56 मिलियन, 1971 में 16 मिलियन, 1972 में 20.5 मिलियन, 1973 में 20.63 मिलियन, 1974 में 40.26 मिलियन, 1975 के फर्स्ट हाफ में 17.09 मिलियन, सैकिंड हाफ में 4.81 मिलियन, जिसका मतलब हुआ 21 मिलियन और 1976 में 12.75 मिलियन, जब कि सारा साल आपकी एमरजेंसी रही और स्ट्राइक कर ही नहीं सकते थे। तब भी बारह लाख मैनडेज हुए। 1977 में 21 लाख। यह कहना कि चारों तरफ बदअमनी है चारों तरफ स्ट्राइक्स हो रही हैं, कहां तक जायज हैं। (व्यवधान)

श्री सौगत राय : स्ट्राइक और लाक आउट में फर्क करें। अलग अलग करके बताएं।

श्री चरण सिंह : मैं अपने मित्र को कहना चाहता हूं कि मैं उनके घर आ जाऊंगा तब वह मेरी मदद करें। अब गुस्सा न करें, शान्ति से सुनें।

एक्चुअली हड़तालों की तादाद को आप लें। 1974 में 1105, 1975 में 2291 जबकि 1976 में लेबर का गला घोंट रखा था तब 244, 1977 में 823। 1974 में 1105 और 1977 में 823। ये स्ट्राइक्स हैं

[श्री चरण सिंह]

(व्यवधान) अच्छा कम्युनल वायलेंस को लीजिये, शायद मोहम्मद शफ़ी कुरेशी साहब ने जिक्र किया था कि हिन्दू मुसलमानों के दंगे बहुत बढ़ रहे हैं। अब यह दंगे ऐसी चीज है कि जब आदमी का मर्डर होता है, जायदाद नष्ट होती है तो न छिपाया जा सकता है और न बढ़ाया जा सकता है। 1974 में नम्बर आफ़ कम्युनल इन्सीडेंस..

(व्यवधान)

आप बैठिये, आप से तो मैं तहज़ीब की उम्मीद करता हूं। आप जब बोल रहे थे तो मैं नहीं बोला। मेरा साइज गिनवा रहे थे, अब मेरी बारी आयी है दिल पर हाथ रख कर सुनो न बात को। 1974 में नम्बर आफ़ कम्युनल इंसीडेंटस 248। 1975 में 206, जबकि हर आदमी के गले पर आपका हाथ रखा हुआ था। 1977 में 188, मरने वालों की तादाद 1974 में 87 और 1977 में 36, जब कि आबादी बढ़ गई थी।

श्री मोहम्मद शफ़ी कुरेशी : यह कहां के आंकड़े हैं ?

श्री चरण सिंह : जी, आंकड़े मैंने अपने घर में बनाये हैं।

तो अध्यक्ष महोदय, मैं फिर दोहराना चाहता हूं, मैं अपने दोस्तो से हाथ जोड़ कर दर्खास्त करता हूं कि मेरी बात ध्यान से सुनें, और अगर मैंने थोड़ा सा विनोद कर लिया तो बुरा नहीं मानना चाहिये। मैं मानता हूं, मेरे साथी मानते हैं कि आज महीने भर से जो यह पोज़ीशन डेवलप हुई है यह अच्छी नहीं है। यह हमारे लिये चिन्ता का विषय है। लेकिन इससे कोई यह नतीजा निकाल लेना और जनरलाइज कर देना कि देश भर में आग लग गई है और आग बढ़ती जायगी, ऐसा मेरा ख्याल नहीं है। जैसा मैंने कहा कि यह मेंटल ऐबरेशन है टेम्पोरेरी। .....(व्यवधान)

आप इसमें शैतान वाला नतीजा निकाल लीजिये, मैं देवता वाला निकाल रहा हूं। अब यह जो क्राइम हुए हैं अब तक तो यह था कि अगर बिहार में क्राइम हो गया तो मैं सीधा जिम्मेदार क्योंकि जनता पार्टी की रूल्ड स्टेट में हो गया। यू० पी० में हो जाये तो और कहीं पर हो गया तो भी मैं जिम्मेदार, डेविल आफ़ दी पीस, विलेन आफ़ ती पीस ...

(व्यवधान)

श्री सौगत राय : आपके चीफ़ मिनिस्टर्स वहां हैं।

श्री चरण सिंह : मेरे चीफ़ मिनिस्टर तो डा० चेन्ना रेड्डी भी हैं, एम० जी० आर० भी हैं और ज्योतिर्मय बसु भी हैं। सारे हैं। ज्योतिर्मय बसु नहीं, बल्कि ज्योति बसु।

श्री सौगत राय : बुढ़ापे में नाम भी भूल जाते हैं।

श्री चरण सिंह : लेकिन जवानों से मेरी याददाश्त बहुत अच्छी है।

पंजाब, आन्ध्र प्रदेश, तामिलनाडु, वेस्ट बंगाल, यू० पी०, बिहार शायद कर्नाटक में भी अभी कुछ हुआ। उसका भी मैं जिम्मेदार। ....(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रात को खाना नहीं मिलता है।

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, जो हिन्दुस्तान के होम मिनिस्टर की जिम्मेदारी उसकी पार्टी द्वारा शासित प्रदेशों में है, वही दूसरी पार्टियों से शासित प्रदेशों में भी है। उसमें कोई अन्तर नहीं पड़ता। मैं जो बार-बार कहता था मेरी जिम्मेदारी नहीं हैं तो उसका मतलब यह था कि मेरी डायरेक्ट जिम्मेदारी नहीं है। और मौरल जिम्मेदारी सेन्ट्रल गवर्नमेंट, गवर्नमेंट का एक मेम्बर होने के नाते आप मेरी मौरल जिम्मेदारी कुछ करार दे सकते हैं। बाकी हैदराबाद में जो हुआ, या तमिलनाडु में जो हुआ, और मैं समझता हूं कि आप सब जी शऊर हो ...

एक माननीय सदस्य : नहीं हैं, नहीं हैं।

श्री चरण सिंह : कोई कह सकता है मेरी जिम्मेदारी है ? मेरा इस्तीफा लिया जाय ? नहीं । लेकिन फिर भी मैं तमाम दोस्तों को तसल्ली हो जाये और मैं अपनी कांशियेंस के लिये भी कहता हूं कि मेरी और मेरे साथियों की, केन्द्रीय सरकार जिन आदमियों के हाथ में हैं, उनकी जिम्मेदारी बनिस्बत मेरे उन दोस्तों के ज्यादा है, यह मैं मानता हूं । सवाल यह उठता है कि इस मसले को कैसे हल किया जाये । मैं कोशिश करूंगा कि मैं शांति से बात करूं—कोई गर्मी की बात नहीं है, लेकिन मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य इस बारे में विचार करें, और अगर वह कोई सालूशन, कोई समाधान, बता सकें, तो मुझे खुशी होगी ।

डेमोक्रेसी तो रूल आफ़ ला है । वह कानून पर आश्रित है, किसी के पर्सनल व्हिम या एक आदमी की डिज़ायर पर नहीं । वह कानून से बाधित है । कानून से ही डेमोक्रेसी चलती है । कानून का आबज़र्वेन्स, उस पर अमल, जरूरी है । और वह हमारे देश के लिए और भी जरूरी है—वैसे वह सभी देशों के लिए करीब करीब बराबर जरूरी है—, क्योंकि अगर देश का विकास करना है, कोई इकानोमिक डेवेलपमेंट करना है, तो देयर शुड बि पीस थ्रूआउट दि कन्ट्री—सारे देश में अमन होना चाहिए । अमन के लिए जरूरी है कि कानून पर अमल हो । अब ला पर अमल होगा, तब आर्डर कायम होगा । यह बड़ा अच्छा शब्द है : ला एंड आर्डर । वे दोनों एक दूसरे पर आश्रित हैं । ला पर अमल नहीं हो सकता है, अगर शान्ति नहीं होगी, आर्डर कायम नहीं होगा । दोनों एक दूसरे पर आश्रित हैं । लिहाज़ा जो भी हम ने कानून बनाया है, उस की हम को रेसपेक्ट करनी चाहिए ।

स्वर्गीय लीडर, सरदार पटेल, की बाबत एक छोटी सी बायोग्राफ़ी—या शायद आटोबायोग्राफी—लिखी गई है । काफ़ी बड़ी उम्र में वह बैरिस्टरी का इम्तहान पास करने के लिए लन्दन, या इंगलैंड के किसी और शहर में गये । उन्होंने यहां आ कर लिखा कि मुझे ब्रिटेन की जो बात सब से अच्छी लगी, वह यह कि हर एक आदमी यह समझता है कि जैसे कानून मुजस्सम होकर, एक दीवार बन कर, उस के लिए खड़ा हो । हर एक आदमी अपनी लाइफ़ में हर वक्त कानून की प्रेज़ेन्स को महसूस करता है । कोई आदमी कानून तोड़ने की बात नहीं सोचता है । हमारे यहां बराबर कानून तोड़ने के लिए प्रीच एनजायन, किया जाता है ।

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: What did you say in U.P. Assembly in 1974?

श्री चरण सिंह : मैंने अपने आप को एक्सेप्शन नहीं किया था । मैंने कहा है कि हमारे यहां सब पालीटिकल पार्टियां उस के लिए बराबर दोषी हैं । हमारी पार्टी, बी० के० डी०, के इलैक्शन मैनिफ़ेस्टो में क्या लिखा है, उस को छोड़ दीजिए ।

हमारे यहां लगभग सभी पोलीटिकल पार्टीज़ ने अतिशयोक्ति, एग्ज़ेजेरेशन, से काम लिया है केवल वोट को दृष्टि में रखकर, और वे बातें कहीं हैं, जिन पर अगर वे बरसरे-इक्तदार हो जायें, वे अमल न कर सकें । रूलिंग पार्टी की नुक्ता-चीनी करना राइट है आपोज़ीशन का । लेकिन उस के साथ-साथ रेसपांसीबिलिटी और आबलिगेशन भी है हर आपोज़ीशन लीडर की कि वह उतनी ही बात कहे, कि अगर अगले साल, या अगले रोज़ उसके साथ में पावर आ जाये, जितनी वह पूरी कर सकता हो ।

हमारी नुक्ता-चीनी, वर्बल और रिटन क्रिटिसिज़्म और हमारे एक्शन्ज़ ऐसे रहे हैं, हमने वे काम किये हैं कि एक डिसरेस्पेक्ट फ़ार ला एंड एथारिटी का एटमास्फ़ियर—कानून के प्रति अनादर और अमास्था का वातावरण कायम हो गया ।

[श्री चरण सिंह]

अगर माननीय सदस्य बुरा न मानें— मुझे आस्टिन साहब और स्टीफ़न साहब से डर है—, तो जो भूतपूर्व प्रधान मंत्री हैं, वह शाह कमीशन के मुताल्लिक क्या बातें कहती हैं, या कचहरी में जब उन के साहबजादे जाते हैं, तो वहां क्या हवा पैदा होती है ? अभी परसों शाम को मैं लखनऊ से वापस आया एक साहब ने फ़ौरन आ कर मुझे ख़बर दी कि जब कचहरी में फ़लां साहब गये थे, तो सैकड़ों लोग हुल्लड़, शाउटिंग, करने वाले वहां मौजूद थे, कचहरी को अपना काम बन्द करना पड़ा। वे पढ़े-लिखे और ज़िम्मेदार लोग थे, जो कल तक बरसरे-इक्तदार थे, और कल बरसरे-इक्तदार होने का जिन का स्वप्न है। जिस तरीके से शाह कमीशन के सामने जाते हैं संजय साहब, या इन्दिरा जी जाती हैं— मुझे नाम लेना पड़ रहा है— और जो शब्द, और जो तरीका, और जो अवहेलना उन की होती है, ... (व्यवधान)

SHRI VASANT SATHE:**

MR. SPEAKER: You cannot say that. I am not allowing that. Expunge it.

SHRI VASANT SATHE: Dr. Raj Narain has said that.... (*Interruptions*).@@

MR. SPEAKER: Whoever might have done it in the past, I am not going to allow it.

Do not record anything.

(*Interruptions*)@@

SHRI VASANT SATHE: What is judicial about it? This has been said before.

SHRI RAJ NARAIN *rose*

MR. SPEAKER: I have not allowed him, I am not going to allow you. Do not record anything.

(*Interruptions*)@@

SHRI SAMAR GUHA: On a point of order. The observation that has been made....

MR. SPEAKER: I have expunged it.

SHRI SAMAR GUHA: You have entered into a dialogue with him. It is not a question of expunction only. Everybody in this House has heard what he has observed. That is not only a denial or not only repudiation of the whole moral basis of judiciary.... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have expunged it; what more do you want? Do not record this.

(*Interruptions*)@@

SHRI SAMAR GUHA: He should apologise to the House; he cannot get away like this. You have entered into a dialogue with him.... (*Interruptions*) Everybody in this House has heard what he observed. He has challenged the integrity and honesty of the judge who has been appointed by the Government and with the approval of this Parliament. He cannot get away with this observation. Everybody in this House has heard what he observed. This is a very serious thing. Just expunction will not do; you have to take notice of it and take proper measures. In your cooler moments, kindly consider this matter and see what the provision is there and then you have to take the decision against the member who is indulging not only in vitiating, but violating all the norms. This cannot be tolerated. We are not going to tolerate. Either the Parliamentary democracy will remain.... (*Interruptions*)

I beseech you; you nave heard and the whole House has heard what he

**Expunged as ordered by the Chair.

@@Not recorded.

observed. Mere expunction will not do. You have to take concrete steps for this.

MR. SPEAKER: I have expunged it; I am not going to do anything more.

SHRI SAMAR GUHA: On a point of order.... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What is the rule that is broken?

SHRI SAMAR GUHA: I submit that if you had kept silent and the whole House did not hear....

MR. SPEAKER: You have mentioned this; I have heard you.

SHRI SAMAR GUHA: This is not a simple thing. If you allow this, there will be doom; the fate of this Parliament will be sealed. One or two aberrations in the use of a word, you can expunge. The man goes on repeating a thing. The whole House hears it. You entered into dialogue with him.

MR. SPEAKER: I have not entered into dialogue with him.

SHRI SAMAR GUHA: Even then he repeated.

MR. SPEAKER: I have heard you a number of times. You cannot monopolise the floor of the House.

SHRI SAMAR GUHA: You have to take proper measures. I do not say what measures.

MR. SPEAKER: I am not going to be dictated by anybody.

SHRI SAMAR GUHA: I want to draw your attention.

MR. SPEAKER: You have done that.

(*Interruptions*)

SHRI SAMAR GUHA: I want to tell all and to you also what he has uttered. You pass off in a way (*Interruptions*)....just for expunging the word. That would be a dangerous thing and it will set the process of chain reaction.

MR. SPEAKER: You stop recording.

(*Interruptions*)**

SHRI RAM DHAN: I am on a point of order.

MR. SPEAKER: What is your point of order?

श्री रामधन : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। जिस तरह से श्रीमती इन्दिरा गांधी बाहर बिहेव कर रही है उसी तरह से साठे साहब यहां पर अन्दर बिहेव कर रहे है। आप केवल एक्सपंज कर दें..

MR. SPEAKER: Home Minister is replying to that.

श्री रामधन : उससे कुछ बनने वाला नहीं है। अगर साठे साहब ने कोई डेरोगेटरी लैंग्वेज इस्तेमाल की है तो उन्हें हाउस से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि वह हाउस की प्रापर्टी हो जाती है।

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है....

श्री हीरा लाल पटवारी : नहीं साहब, नहीं। वह तो हाउस की प्रापर्टी है। (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Patwari, please sit down. The Home Minister is on his legs.

श्री हीरा लाल पटवारी : नहीं साहब, नहीं।

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The House has its own method. I know you are short. You need not jump up every time. Please hear me.

**Not recorded.

[Mr. Speaker]

The House has its own powers. But I am not going to use any power to send out any man. I would get out of the House rather than send out a Member, I want to make that thing certain.

SHRI SAMAR GUHA: I have not suggested that you send him out.

(*Interruptions*)

SHRI SAMAR GUHA: I have only made a submission to you.

MR. SPEAKER: Mr. Guha for how many times are you getting up? There is no end to this.

(*Interruptions*)

SHRI SAMAR GUHA: I have never uttered a word that you should name him. What I have said—you have to examine the gravity of the parliamentary offence that has been committed by my friend and take cognisance, if necessary.... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have heard you.

SHRI SAMAR GUHA: The matter is not so simple.

MR. SPEAKER: You have got up three times, (*Interruptions*) I have heard you. There should definitely be an end to every talk. I am not going to hear you any more.

SHRI SAMAR GUHA: The matter is not so simple. (*Interruptions*)

Next day, he will get away with all this thing—all this kind of accusations and abuses. Will you allow this?

(*Interruptions*)

SHRI SAMAR GUHA: Today Justice Shah is not here. He has guts and courage to say this. Tomorrow he will say it against any Minister, the Government and other friends. Will you allow him?

MR. SPEAKER: I never allowed it. I expunged it. Please hear me.

SHRI SAMAR GUHA: Expunction is the most simple thing.

MR. SPEAKER: I have also a right to speak. You have got your methods. You move it if you want. Why do you put the responsibility on me?

SHRI SAMAR GUHA: Have I no right to submit to you?

MR. SPEAKER: There must be a limit for submission.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You may have a motion. Why do you put the responsibility on the Speaker? If you have got the courage, you move the motion.

SHRI SAMAR GUHA: Sir, I did not expect this from you. I have not challenged your authority. This Rule Book gives us the right. I was only making a submission to you because you are the custodian of the right, the privilege, the dignity and honour of the House. What I am trying to submit to you is, if this kind of a thing is allowed to continue, in future, a situation may arise when it will be impossible for you to function in the House, impossible for you to continue in the House. That is my submission to you.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Home Minister, please go on.

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि जहां समाज में या किसी देश विशेष में बड़े-बड़े लोग इस तरह से अमल करें, जिससे कि जनता की आस्था अदालतों के प्रति कम होती हो, कमजोर होती हो, तो वहां डेमोक्रेसी या जनतन्त्र कामयाब नहीं होगा ।

अध्यक्ष महोदय: मैं इस बात को मानता हूं कि किसी राष्ट्रीय उद्देश्य की पूर्ति के लिये आप कभी किसी कानून को तोड़ना जरूरी समझें तो उस की कीमत देने के लिये भी तैयार होना चाहिये । महात्मा जी ने सिखलाया था—राष्ट्र के हित को दृष्टि में रख कर कभी किसी कानून को मौरल-ग्राउण्ड्स पर

तोड़ने की आवश्यकता हो सकती है। सत्याग्रह का मतलब यही था, लेकिन साथ ही उस के लिये सजा भुगतने को भी तैयार रहते थे। लेकिन यहां हमारे राष्ट्रीय उद्देश्य नहीं है, अपनी पार्टी का उद्देश्य है या बहुत से लोगों के सामने केवल अपनी पर्सनल पापुलैरिटी का उद्देश्य है। मैं जानना चाहता हूं—माननीय साठे, जो इतने नाराज रहते है और नाराजगी से ही दूसरी तरफ देखना चाहते है—आप की माननीया लीडर हैदराबाद न जा कर पंतनगर क्यों गई? क्या उस का मतलब यही था कि जो कोयला सुलग रहा था और ठण्डा होने जा रहा था, उस को फिर से सुलगाने गई थीं? उन को नहीं जाना चाहिये।.....

श्री बसंत साठे : दुखी जनता को देखने के लिये गई थीं।... (व्यवधान)

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह एलीगेशन कहां तक सही है कि एक आदमी को इतना पीटा गया कि बाहर आ कर मर गया। एक देवी को इतना पीटा गया कि वहीं मर गई। ऐसा अखबारों में पढ़ा है, हो सकता है कि गलत हो। मैं बड़े अदब से अर्ज करूंगा—इधर के दोस्तों से और उधर के दोस्तों से—कि ला-एण्ड-आर्डर को पार्टी-जन ईशू न बनाया जाय, वरना हमारे यहां हिंसा भड़केगी। जब पुलिस सख्ती करती है तो बराबर यह क्रिटिसिज्म होता है कि अन्याय हो गया और अगर पोलिटिकल पार्टीज के लीडरों के खौफ की वजह से थोड़ा सा शान्ति से काम लेते है और अगर मौके पर अमल नहीं किया तो नाकाबिल कहलाते है, अगर जरूरत से ज्यादा फोर्स इस्तेमाल हो गई तब भी गिलटी है, अगर कम हो गई तब भी गिलटी है। उस वक्त मौके के एसटीमेट करने का सवाल होता है...

AN HON. MEMBER: Is it infallible?

श्री चरण सिंह : मैं मानता हूं—फालिबिल है, जो पुलिस आफिसर्ज है, उन के साथ जो स्टेटस के होम मिनिस्टर्ज है—वे फालिबिल आदमी है। सिचुएशन को पुरी तरह से असेस कर लेना और उतनी ही फोर्स इस्तेमाल करना जितनी आवश्यक है—यह हमेशा हो नहीं पाता है।

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: Who is responsible? You are responsible for this. You created a situation like that. That will not help us. Don't do that....

श्री चरण सिंह : आप मेरी बात सुनिये। इस में चिल्लाने की क्या बात है। मैंने दरख्वास्त की है कि मेरी बात शान्ति से सुनिये, बीच में नहीं बोलिये। मैं किसी के बीच में नहीं बोला था..... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Don't record anything. Nothing will go on record.

(Interruptions) **

MR. SPEAKER: ....Don't record anything excepting the Home Minister.

(Interruptions) **

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं किसी के बीच में नहीं बोला था जब भाषण हो रहे थे चाहे कितनी गलत ही बातें कही गई हों। इसलिए मैंने दरख्वास्त की थी.. (व्यवधान)....लेकिन मैं आप के जरिये एक बात कहना चाहता हूं कि आप लोग जो इतने नाराज हो कर बातें करते है, उन का कोई फायदा नहीं होता है क्योंकि जो कुछ आप ने कहा है, वह मैंने सुना नहीं। जब सुना नहीं तो फायदा क्या?

....(व्यवधान)....

**Not recorded.

MR. SPEAKER: ..... Don't record.

(*Interruptions*)**

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): Sir, the time allotted by the House was upto 8.45 P.M. It is already 9 P.M. The time is over.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Motion is talked out. The House stands adjourned.... (*Interruptions*) till 11.00 A.M. on Monday.

21.10 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, April 24, 1978/Vaisakha 4, 1900 (Saka).

**Not recorded.

GMGIPND—Job III—650 LS—23-6-78—880.